हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 29 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 नालियां जाम होने से तालाब तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी, गंदे पानी में नहाने



## खबर संक्षेप

### 15 दिवसीय जांच अभियान प्रारंभ, खाद्य व औषधि प्रतिष्ठानों की होगी जांच

**जांजगीर-चांपा।** जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री और औषधियां उपलब्ध कराना है। सहायक औषधि नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल-ढाबों तथा औषधि दुकानों की नियमित जांच की जाएगी। अभियान के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थों और दवाओं के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आम जनता से भी अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की मिलावट या अनियमितता की जानकारी संबंधित विभाग को दें। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री और औषधियां उपलब्ध कराना है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के पहले दिन खाद्य एवं औषधि प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक जिला पंचायत में आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की गई है। सामान्य सभा की बैठक प्रातः 11 बजे से एवं सामान्य प्रशासन की बैठक दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा द्वारा सक्ती जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 अप्रैल गुरुवार को आई.टी.आई. सक्ती परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 15 हजार से 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं जिला रोजगार कार्यालय का वैध रोजगार पंजीयन कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर युवा इस रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### गर्मी में पशुओं के उपयोग दोपहर 12 से 3 बजे तक उपयोग प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने के लिए आदेश जारी किया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच पशुओं का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। वर्तमान में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। ऐसे में पशुओं का उपयोग सवारी, बोझा ढोने या अन्य कार्यों में करने से उनके बीमार होने या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए "पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965" के नियम 6(3) के अंतर्गत यह प्रतिबंध लागू किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सुनियोजित तरीके से हो रही कटाई रोकने जिला प्रशासन ने की पहल

# कलेक्टोरेट मार्ग की हरियाली को जीवनदान, पेड़ों की हुई नंबरिंग


ठूंठ तक नहीं आते नजर, रास्ता बनाने हरियाली की चढ़ा रहे बलि
कलेक्टोरेट मार्ग पर सुनियोजित ढंग से की जा रही हरे-भरे पेड़ों की कटाई





हरिभूमि इम्पैक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के व्हीव्हीआईपी रोड कलेक्टोरेट मार्ग पर हरियाली को अब जीवनदान मिलने की उम्मीद बढ़ी है। दरअसल यहां सुनियोजित तरीके से पेड़ों की छंटनी और कटाई पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन ने ना केवल पेडों की गिनती कराई है, बल्कि नंबरिंग के हिसाब से प्रत्येक पेड़ पर नंबर प्लेट भी लगाए जा रहे है। इसके साथ ही अबकी बार कटाई होने पर सख्ती के साथ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। खास बात यह है कि हरिभूमि द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाया गया। जिसके उपरांत जिला प्रशासन ने यह पहल की है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में बमुश्किल 6 प्रतिशत वन परिक्षेत्र है। तत्कालीन अफसरों द्वारा पौधरोपण और संरक्षण के मद्देनजर कलेक्टोरेट मोड़ से पुलिस अधीक्षक निवास तक कलेक्टर बंगला से लगे क्षेत्र में बड़ी तादाद में पौधे लगाए गए थे। इसी के साथ सडक किनारे सरकारी जमीन पर तार का घेरा लगाकर पूरे मार्ग के किनारे पौधे लगाए गए। तकरीबन दो दशक पूर्व लगाए गए पौधे पूरी तरह से विकसित हो गए, लेकिन पिछले कुछ सालों से यहां के हरे भरे पेड़ पौधों को हरियाली के दुश्मन की नजर लग गई। स्थिति यह है कि ना जाने कब तारबंदी को गायब किया गया, इसके बाद पहले खेतों तक जाने के एकाध दो रास्ते बनाए गए फिर इसके बाद देखते ही देखते निर्माण कार्य शुरू होने लगा। सुनियोजित तरीके से पेडों की कटाई के इस मामले को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ उठाया गया। जिसके उपरांत कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व विभाग व नगर पालिका की टीम ने पेडों की गणना की। इस दौरान एक तरफ 343 और दूसरी ओर तकरीबन 2 सौ पेड़ो की गिनती करके सभी में नंबर प्लेट लगाने का काम किया जा रहा है।

**6 सौ पेडों में नंबरिंग**

कलेक्टोरेट मार्ग पर पेडों की कटाई रोकने नंबरिंग कराई जा रही है। दोनों ओर 6 सौ पेडों की गिनती हुई है। सभी में नंबर पट्टी लगवा रहे है। अब पेडों की संख्या कम होगी तो गणना से पता चल जाएगा। संबंधितों के खिलाफ कडी कार्रवाई होगी।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम, जांजगीर


खड़ी हाइवा के पीछे घुसी कार।

# खड़ी हाइवा के पीछे घुसी कार, एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत, 3 घायल

## चांपा-कोरबा मार्ग पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

चांपा–फरसवानी मार्ग पर देर रात एक कार अनियंत्रित होकर खड़ी हाइवा में जा घुसी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निहारिका कोरबा निवासी सोनी परिवार के लोग शादी समारोह में शामिल होकर चांपा आए थे और सोमवार 27 अप्रैल की रात करीब 2 बजे वापस कोरबा लौट रहे थे। इसी दौरान फरसवनी टोल नाका के आगे उनकी कार भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि कार में कुल 6 लोग सवार थे। वाहन पहले सड़क के डिवाइडर से टकराया, इसके बाद अनियंत्रित होकर पलटा और फिर सड़क किनारे खड़ी हाइवा में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई।हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोंगरा सोनी 45 वर्ष, देवेंद्र सोनी 22 वर्ष और ढाई वर्षीय मासूम प्रियांश के रूप में हुई है। घटना के बाद सभी घायलों को तत्काल चांपा लाया गया। देवेंद्र सोनी को जिला अस्पताल जांजगीर में रखा गया है, जबकि मोंगरा सोनी और मासूम प्रियांश को बीडीएम अस्पताल चांपा में रखा गया, जहां मंगलवार 28 अप्रैल को पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दी गई7 वहीं कार में सवार अन्य तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दो की स्थिति सामान्य है। घायलों का इलाज एनकेएच अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। देखा जाए तो चांपा एवं अकलतरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जगहों पर दो दिनों के भीतर अलग अलग सड़क हादसो में 7 लोगों की मौत का मामला सामने आ चुका है।

# जहां-तहां डंप कर दे रहे राखड़, पर्यावरण प्रदूषण के साथ दुर्घटना की बनी आशंका


खाली जमीन पर डंप कर रहे राखड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर

जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत कांशीगढ़ के आश्रित ग्राम अचानकपुर सहित आसपास के गांवों में जहां तहां राखड़ को डंप कर दे रहे है।जिसके कारण ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अफसरों को कोई सरोकार नहीं है।

गौरतलब है कि जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत कांशीगढ़ के आश्रित ग्राम अचानकपुर में लगभग 60 एकड़ से अधिक चारागाह भूमि पर गड्ढा खोदाकर सरपंच द्वारा मिट्टी बेच उसे गड्ढा का आकार दे उक्त भूमि में हाईवा से हजारों ट्रीप राखड़ डंप करा अपना निजी आय का जरिया बना लिया गया। फर्जी प्रस्ताव के जरिए राखड़ डंप स्थान को बताया गड्ढा एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया है। वही समतल जमीन को गड्ढा खोदकर पर्यावरण विभाग एवं राजस्व विभाग से अनुमति ली गई है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी के अंतर्गत हुए तालाब निर्माण एवं बोर खनन को राखड़ डंप के दौरान दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती से की परंतु इस ओर संतोषप्रद कार्यवाही नहीं होने के चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बस्ती से होकर गुजरने वाले राखड़ से लोड भारी वाहन के चलते उड़ते धूल में ग्रामीणो का जीना हुआ दुभर स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा प्रभाव पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। दिन रात लगातार भारी वाहन के चलने से 3 किलोमीटर पक्की सड़क पूरी तरह से टूट कर क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसी के चलते 10 मार्च को एक आदिवासी युवक का मुख्य मार्ग में रखड़ डंप कर लौट रहे हाईवे के चपेट में आकर मौत हो गई थी। राखड़ डंप के मामले मे सरपंच प्रतिनिधि गोपाल दास महंत ने कहा उक्त भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा था उसे अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए राखड़ डंप कराया गया है। वही ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच प्रतिनिधि अपने बचाव के लिए ऐसा बयान दे रहे हैं। वह जमीन में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं हुआ था वह गांव का सार्वजनिक संपत्ति था, जिसे गांव के सार्वजनिक हित के लिए उपयोग किया जाता रहा है।

**की जाएगी कार्रवाई**

शिकायत प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। अग्रिम कार्रवाई वहीं से होना है।

-विद्याभूषण साव,
तहसीलदार, जैजैपुर

# पुलिस कप्तान के कार्यालय में जाकर जहर खाने वाला पहुंच गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जहर सेवन कर शासकीय कार्य में बाधा डालने और दबाव बनाने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बात**
- शासकीय कार्य में बाधा और आत्महत्या प्रयास का मामला दर्ज

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टिकेश्वर उर्फ टी.आर. साहू उम्र 23 वर्ष, निवासी मड़वा द्वारा पूर्व में भी झूठी शिकायतें दर्ज कराए जाने की बात सामने आई है। पुलिस जांच में उसकी शिकायतें अप्रमाणित पाई गई थीं। 23 अप्रैल को दोपहर लगभग 2:30 बजे आरोपी पुलिस कार्यालय पहुंचा और जबरन पुलिस अधीक्षक कक्ष में घुसने का प्रयास करने लगा। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस स्टाफ ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने धक्का-मुक्की कर अंदर घुसने की कोशिश की। संदेह होने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास कीटनाशक दवा का खुला पैकेट मिला। पूछताछ में आरोपी ने जहर सेवन करने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और उसे जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा अपनी शिकायतों पर कार्रवाई का दबाव बनाने के लिए यह कदम उठाया गया। इस मामले में थाना सिटी कोतवाली में धारा 221, 232, 226 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### सुरक्षा व नाईट गार्ड के 2 रिक्त पदों पर महिला अभ्यर्थियों से 17 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** अम्ब्रेला स्कीम के रूप में योजना "मिशन शक्ति" 01 अप्रैल 2022 से लागू किया गया है। मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना अंतर्गत दो उपयोजनाएं संबल एवं सामर्थ्य शामिल हैं। प्राप्त आवेदन में योग्य उम्मीदवार से 1 पद का चयन किया गया है, शेष 2 पद रिक्त हैं। शेष सुरक्षा गार्ड व नाईट गार्ड के रिक्त 2 पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट तथा कोरियर के माध्यम से 17 मई शाम 5 बजे तक आवेदन जमा होंगे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा के वार्ड क्रमांक 25 निवासी अविनाश उर्फ शुभम तंबोली उम्र 28 वर्ष द्वारा एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था, जिसकी सूचना रिपोर्ट पर 26 अप्रैल को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। नाबालिक बालिका की अपहत के मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना चांपा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अविनाश उर्फ शुभम तम्बोली को पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर बिलासपुर तरफ भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी चाम्पा एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।


गिरफ्तार आरोपी।

## एक मई से खाद मिलने में कृषकों को होगी परेशानी

# 26 हजार 382 किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाना बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के 1 लाख 23 हजार 61 किसानों का नाम पीएम सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत है। इनमें से 96 हजार 679 किसानों का फार्मर आईडी बनाया जा चुका है, जबकि अभी भी 26 हजार 382 किसानों का आईडी फार्म बनाया जाना बाकी है। वहीं फार्मर आईडी नहीं बन पाने की स्थिति में किसानों को 1 मई से ही खाद लेने में परेशानी होगी।

ज्ञात हो कि जिले में 1 लाख 23 हजार 61 किसान पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत है जिसमें से 96 हजार 679 कृषको द्वारा फार्मर आई.डी. बनायी जा चुकी है। शेष 26 हजार 382 किसानो की फार्मर आई. डी. बनाया जाना शेष है। शेष सभी हितग्राही जिनका फार्मर आई.डी. नही बना है, वे सभी एग्री-स्टेक पोर्टल पर स्वंय या अपने क्षेत्र के पटवारी, सेवा सहकारी समिति और नजदीकी सी. एस. सी. सेन्टर में जाकर अपना फार्मर आई.डी. बनाने के पश्चात आवश्यक दस्तावेज जैसे बी-1, ऋण पुस्तिका या पर्ची की कापी, आधारकार्ड की कापी एवं मोबाईल नम्बर आदि दस्तावेज सत्यापन हेतु पटवारी के पास जमा कर फार्मर आई.डी. बनाने का कार्य पूर्ण करावे। 1 मई से ई-उर्वरक वितरण प्रणाली लागु किया जा रहा हैं जिसके माध्यम से किसान के पास भुइंया पोर्टल में दर्ज बोये गये फसल रकबे के आधार पर एवं फार्मर आई.डी. नम्बर देने के पश्चात ही सेवा सहकारी समितियों एवं निजी कृषि केन्द्रों से उर्वरक का क्रय कर सकेंगे। फार्मर आई. डी. बनवाने से वंचित किसानों को 1 मई से उर्वरक खरीदी करने और आगामी खरीफ मौसम में धान विक्रय करने में भी होगी परेशानी होगी। साथ ही ऐसे किसानो को पी. एम. किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त भी प्राप्त नही होगी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अपने अधिनस्थ मैदानी अमलो के माध्यम से इस कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

इस संबंध में कृषि विभाग के उप संचालक आरके शर्मा का कहना है कि पंजीकृत किसानों के फार्मर आईडी कराया जाना जरूरी है। आईडी फार्मर नहीं बनने की स्थिति में मई महीने से किसान खाद पाने से वंचित हो सकते है।




# हादसे में घायलों को पहुंचाया अस्पताल एम्बुलेंस संचालक ने पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाकर निजी एम्बुलेंस संचालक ने मानवता की मिसाल पेश की है। उनके द्वारा इस तरह का कार्य लंबे समय से किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार एवं सोमवार की दरमियानी रात क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन भीषण सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इन सभी घटनाओं के बाद राहत एवं बचाव कार्य में मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू ने अद्भुत संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए मानवता की मिसाल पेश की। नेशनल हाईवे पर हुई, जहां खड़ी ट्रक से एक कार टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही पारस साहू अपने सहयोगी अरविंद साहू के साथ मौके पर पहुंचे। कार में फंसे दो लोगों के शवों को कड़ी मशक्कत और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों मृतकों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। उल्लेखनीय है कि मानवता की सेवा के लिए पारस साहू को पुलिस, प्रशासन एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय चिस्दा में गायत्री परिवार ने आयोजित किया कार्यक्रम



**हसौद।** नवोदय विद्यालय चिसदा में भावी आदर्श युवा पिढ़ी व आओ गढ़े संस्कारवान पिढ़ी का संदेश पूज्य गुरुदेव के संकल्पों को पूरा करने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार हसौद जैजैपुर जिला सक्ति परिक्षेत्र के लीलाधर चंद्रा, तेजबहादुर आदित्य, मनहरण लाल साहू, ललितकुमार साहू, भागराम जायसवाल, मोहन लाल कश्यप, लहरुराम आदित्य तथा नवोदय विद्यालय चिस्दा के प्राचार्य अरविन्द कुमार जायसवाल, आर पी तिवारी, संतोष कुमार कश्यप, अमर राहूजा एवं बी आर पटेल वरिष्ठ शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन 5 मई को

**खरौद।** वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 5 मई को खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने रात्रि 9 बजे से 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। इस कबि सम्मेलन में राजनांदगांव के हास्य कवि पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट', बेमेतरा के हास्य कवि रामानंद त्रिपाठी, कोरबा की श्रृंगार कवियित्री श्रीमती संतोषी 'श्रद्धा', साजा के ओज कवि ईश्वर साहू 'आरुग', बालोद के हास्य कवि कैलाश कुंवारा, जांजगीर ( खोखरा ) के कवि-गीतकार अनुभव तिवारी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन का संचालन बिलाईगढ़ के कवि ( हास्य-व्यंग्य-गीत ) शशिभूषण सनेही करेंगे। कबि सम्मेलन के पहले शाम 7 बजे से भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जहां विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्रा प्रस्तुति देंगे। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू स्मृति आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने लोगों से 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' में शामिल होने और काव्यपाठ का रसपान करने की अपील की है। इस आयोजन को सफल बनाने में खरौद नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों के साथ ही महामाया अध्यात्म सेवा समिति, इंदलदेव सेवा समिति, नारी शक्ति संगठन और युवा जागरण समिति के द्वारा सहभागिता निभाई जा रही है।

### बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में राज प्रधान ने मुंबई में हासिल किया रजत पदक




**चांपा।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित आइसीएन मुंबई मैजेस्टिक नेचुरल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में चांपा शहर के होनहार खिलाड़ी राज प्रधान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नगर के गौरव पथ में स्थित आर आर फिटनेस क्लब के संचालक राज प्रधान के द्वारा 25 एवं 26 अप्रैल को मुंबई में राष्ट्रीय स्तरीय नेचुरल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मेन्स फिजिक ओपन श्रेणी मे प्रथम स्थान और क्लासिक एंड फिटनेस श्रेणी मे रजत पदक हासिल किया , यह प्रतियोगिता रविवार को यशवंत राव चव्हाण सेंटर, नरीमन पॉइंट मे आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता मे विजयी होने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव व खेल मंत्री के द्वारा बधाई दी गई है, राज प्रधान के आगमन पर उन्हे उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री के द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा, जिससे जिले मे हर्ष का वातावरण है।

### हरि जी रो ब्यावलो में भक्ति रस की बही धारा



**अकलतरा।** नगर के श्रीराधाकृष्ण महिला मंडल द्वारा आयोजित चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम हरि जी रो ब्यावलो के द्वितीय दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की भक्तवत्सल लीलाओं का भावपूर्ण मंचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। द्वितीय दिवस के आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने परम भक्त नरसी जी की हुण्डी स्वीकार करने तथा ठाकुर जी के किसना खाती के रूप में प्रकट होकर भक्त की गाड़ी सुधारने की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस भावनात्मक प्रसंग का वाचन एवं सुंदर प्रस्तुतीकरण श्रीमती सुमन मनकसिया द्वारा किया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत भावविभोर होकर सुना।श्रीमती मनकसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के हृदय में बचपन से ही भक्ति एवं संस्कारों के बीज बो देना चाहिए, क्योंकि भक्तिमय हृदय वाला व्यक्ति ही एक अच्छे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संगीतमय भजनों एवं कथा प्रसंगों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन के आगामी दिवसों में भी विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियां एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञानभारतम मिशन की हुई डीएलसी बैठक

# जिले की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की पहल शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की कवायद शुरु हो गई है। प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञानभारतम मिशन की डीएलसी बैठक हुई। इस दौरान प्राचीन पांडुलिपियों के सूचीबद्धकरण तथा डिजिटलीकरण की रूपरेखा पर चर्चा की गई।



बैठक में चर्चा करते अधिकारी एवं पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय एवं समिति के सदस्य।

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा एवं पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति (डिस्ट्रिक्ट लेवल कमिटी) की बैठक मंगलवार 28 अप्रैल को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टरअमृत विकास टोपनो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्र, भोजपत्र एवं कागजी पोथियों की खोज, सूचीबद्धकरण तथा डिजिटलीकरण की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिले के मंदिरों, मठों, आश्रमों एवं निजी संग्रहों में उपलब्ध पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, वेद, आयुर्वेद, ज्योतिष, दर्शन, साहित्य एवं लोकपरंपरा से जुड़ी महत्वपूर्ण पांडुलिपियों की पहचान, उनके वैज्ञानिक संरक्षण तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोडिंग की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पांडुलिपि धारकों को जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा स्थानीय विद्वानों, संस्कृत ज्ञाताओं एवं शोधकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने कहा कि ज्ञानभारतम मिशन भारत की सनातन ज्ञान परंपरा को भावी पीढ़ियों तक पहुँचाने की एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में सूक्ष्म स्तर पर सर्वेक्षण कर एक-एक पांडुलिपि को सूचीबद्ध किया जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि यदि उनके पास कोई प्राचीन पोथी या पांडुलिपि है तो वे समिति को सूचित करें, ताकि जिले की अमूल्य सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला संस्कृति अधिकारी, पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय विद्वान एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में 19 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। जनदर्शन में तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम बरेकेल खुर्द निवासी राम किशन घृतलहरे ने ग्राम पंचायत पिसौद पीडीएस संचालक निलंबन करने, ग्राम पंचायत पिसौद सरपंच पर कार्यवाही करने तथा आंगनबाड़ी बरेकेल खुर्द (नायक पारा) सहायिका भर्ती के सम्बन्ध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम कैथा निवासी रसपाल सतनामी ने उनकी जीवित पत्नी सुमित्रा कुमारी को मृत्यु दिनांक 17 फरवरी को हो गई है कहकर के राशन कार्ड को निरस्त करने वालो के विरुद्ध उचित कार्यवाही कराने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम नंदौर कला निवासी श्रीमती निर्मला कुर्रे (सरपंच) ने मिडिल स्कूल नंदौर कला में किचन शेड एवं शौचालय निर्माण के संबध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम हरदी निवासी कन्हैया लाल बंजारे ने किसान सम्मान निधि त्रुटि सुधार तथा ग्राम हरदी निवासी श्रीमती मेम बाई, खोल बहरा बंजारे एवं श्रवण लाल ने भूमिहीन पेंशन दिलवाने के संबंध में अपना आवेदन पत्र सौंपा।



## रैली निकालकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नगर में गौ सम्मान दिवस सोमवार 27 अप्रैल को बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। गौ माता के संरक्षण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से गौ सम्मान आवाहन अभियान चलाया गया, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

इस अभियान के अंतर्गत पूरे भारत की 5000 से अधिक तहसीलों में एक साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे गए। पामगढ़ तहसील में भी इस अभियान का प्रथम चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मनका दाई मंदिर में विधिवत गौ पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात गौ माता को अग्रसर कर नगर में भव्य रैली निकाली गई, जिसमें 60 से अधिक गौ भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान "गौ माता को राष्ट्र माता बनाओ" जैसे नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। रैली के पश्चात तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम पर आवेदन (प्रार्थना पत्र) सौंपा गया, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग रखी गई। इस आयोजन के माध्यम से गौ माता के प्रति सम्मान, संरक्षण और सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया तथा सभी नागरिकों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मेहंदी धाम के प्रमुख संत लखन लाल दास महाराज, अवध बिहारी तिवारी, गौसेवक मुकेश कश्यप, राज यादव , साहिल यादव, तीजू कश्यप, सौरभ शर्मा, तरूण शुक्ला, दिव्य राज सिंह राजपूत, सौरभ तिवारी, प्रदीप कश्यप, गौरव तिवारी, पिंक दास रामकुमार कश्यप, बुद्धेश्वर केसरवानी एवं बड़ी संख्या में गौ सेवक भक्त जन शामिल हुए।

## परमेश्वरी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती का शैक्षणिक सत्र 2025-26 का प्रबंधन समिति सचिव कृष्णा कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष रेखा देवांगन एवं संस्था प्रमुख एम. विकास देवांगन की उपस्थिति में 27 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से दूसरी एवं 28 अप्रैल को कक्षा-तीसरी से नवमीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया।

- विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मान



विद्यार्थियों को शील्ड एवं मैडल प्रदान करते अतिथि।

कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंधन समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष रेखा देवांगन एवं संस्था प्रमुख एम. विकास देवांगन के द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। प्री-प्रायमरी में कक्षा नर्सरी में चांदनी गबेल पिता गजाधर सिंह, कनिका केंवट पिता धीरज केंवट, सोनम देवांगन ने पहला स्थान, हिना देवांगन पिता राधे श्याम देवांगन ने दूसरा स्थान तथा सानिया जायसवाल पिता राधेश्याम जायसवाल तीसरा स्थान, कक्षा के जी 1 में देवेंद्र यादव पिता श्याम कुमार यादव, हिमांशु चौहान पिता पदुम लाल चौहान ने पहला स्थान, मलय देवांगन पिता संतोष देवांगन, लोकेश नवनीत पिता राकेश नवनीत ने दूसरा स्थान एवं यशु साहू पिता शोभा लाल, शौर्य साहू ने तीसरा स्थान, कक्षा के जी 2 में श्रेया देवांगन पिता धमरुधर देवांगन, विनिशा जायसवाल पिता देवचरण जायसवाल ने पहला स्थान, नुशांत देवांगन पिता राकेश देवांगन, मिष्टी केंवट पिता धनेश केंवट ने दूसरा स्थान एवं रौनक यादव पिता दुर्गेश यादव, ऋषभ सिदार पिता कृष्ण कुमार सिदार ने तीसरा स्थान ने प्राप्त किया। वहीं प्रायमरी में कक्षा पहली में आराध्य कसेर पिता विकास कसेर, सिद्धांत कुर्रे पिता विकास कुर्रे, सृष्टि कसेर पिता निशांत कसेर एवं मौली देवांगन पिता राम कुमार देवांगन ने पहला स्थान, दीप्ति देवांगन पिता कमलेश देवांगन, शैलेंद्र जायसवाल पिता योगेश जायसवाल एवं योगिता देवांगन पिता घुराउ राम ने दूसरा स्थान एवं दीक्षा बरेठ पिता संजय बरेठ, तुषिता महंत पिता वीरेंद्र महंत एवं इशिता जायसवाल पिता महेश जायसवाल ने तीसरा स्थान, कक्षा दूसरी में काव्या पटेल पिता गजाधर पटेल, रुत राजपूत पिता संतोष राजपूत, तेजल यादव पिता रविंद्र यादव एवं पार्थ पटेल पिता राकेश पटेल ने पहला स्थान, दृष्टि देवांगन पिता शिव देवांगन, मानवी सिदार पिता जय सिदार ने दूसरा स्थान एवं मिनेश यादव पिता दिलिप यादव, हीना साहू पिता दिलेश्वर साहू ने तीसरा स्थान, कक्षा तीसरी में अपेक्षा देवांगन, अंकित बरेठ एवं योगिता देवांगन ने पहला स्थान लिशा बरेठ पिता मंगलेश्वर बरेठ।

## भाजपा सरकार महिला आरक्षण लागू करने के नाम पर कर रही राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने सक्ती जिले में प्रेसवार्ता आयोजित कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रेसवार्ता में सारंगढ़ विधायक एवं प्रभारी उत्तरी जांगड़े ने कहा कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण लागू करने के नाम पर केवल राजनीति कर रही है।

- महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना




पत्रकारों से चर्चा करती सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद भी अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। भाजपा सरकार जनगणना और परिसीमन का हवाला देकर महिला आरक्षण को वर्ष 2034 तक टालने की कोशिश कर रही है, जो महिलाओं के साथ अन्याय है। उत्तरी जांगड़े ने कहा कि यदि केंद्र सरकार की नीयत साफ है तो महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए, न कि परिसीमन की प्रक्रिया का इंतजार कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, लेकिन जमीन पर उसे लागू करने की इच्छाशक्ति नहीं है। प्रेसवार्ता में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने भी महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस शुरू से महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने के पक्ष में रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि गबेल ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार देने में देरी करना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। कांग्रेस महिलाओं के सम्मान और अधिकार की लड़ाई आगे भी लड़ती रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुरेन्द्र भार्गव ब्लाक अध्यक्ष कुशल कश्यप, गोपाल भाद्वाज, बलराम दास पांडे, भुनेश्वर चन्द्रा, मधुसुदन साहू, ताम्रध्वज साहू, लखन चन्द्रा, टीकाराम कुर्रे, शिवकुमार साहू, भोजराम हरवंश, गणेश माझी, संजय कोसले, दिलेश्वर चन्द्रा, दिलीप कश्यप, मोहन धीरहे, सीता बाई जारवर,रमेश कश्यप, दुजराम साहू, पवन मानिकपुरी, आनन्द नायक,सुखराम जायसवाल, सन्नी यादव, कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुशासन तिहार : 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अनुक्रम में जिले के समस्त जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर योजनाओं का लाभ व शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु 4 मई से 10 जून तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन द्वारा जारी आदेशानुसार समाधान शिविर का आयोजन 4 मई को जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत करिगांव, दर्राभांठा मंद्रागोढ़ी, गोरखापाली, डिक्सी, मोहंदीकला, आड़िल, नौरंगपुर, औरदा, सुलौनी, सोनादुला, कटारी, आमनदुला, मोहतरा, नवागांव, पोता, सकर्रा, बुंदेली, ढिमानी, बंदोरा, 6 मई को जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत लहंगा, पासीद, किरारी, खुटदहरा, रेडा, सरवानी बा, सकरेली बा, डूमरपारा, डेरागढ, बाराद्वारबस्ती, पलाडीखुर्द, पलाडीकला, नन्दौरखुर्द, नन्दौरकला, लवसरा, बेल्हाडीह, नगरदा, कुरदा, जर्वे, सुन्दरेली, 8 मई को जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत जवाली, ठाकुरपाली, पुटीडीह, भेड़ीकोना, छुछुभांठा, धौराभांठा, गाड़ापाली, किरारी, कोसमंदा, रेड़ा, सकराली, सपोस, साराडीह, बगरैल, बारापीपर, भजपुर, लटेसरा, छवारीपाली, उपनी, 11 मई को जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत रायपुरा, आमापाली, खम्हरिया, चिखलरौंदा, छितापंडरिया, झालरौंदा, डोंगिया, केकराभाठ, भोथिया, भोथिडीह, मलनी, लोहराकोट, सलनी, सिरली, सेंदूरस, हरदी, बर्रा, अकलसरा, दर्राभांठा, 13 मई को जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत बड़ेरबेली. भूतहा, कुरदा, छपोरा, डोमा, अमलीडीह, पिरदा, भड़ोरा, मुड़पार, मिरौनी, नरियरा, रनपोटा, मरघटी, घोघरी, बासीन, देवगांव, माहुलदीप, भेड़ीकोना, बरभाठा, अचरितपाली, बरपाली, 15 मई को जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत अचानकपुर, सोनगुढा, धनुपर, सकरेलीखुर्द, बोकरामुडा. मोहगांव, पतेरापालीकलॉ, देवरी, देवरमाल, जामपाली, गहरीनमुडा, ऋषभतीर्थ, घुईचुवा, बरपालीकला, सेंदरी, बासीन, पुटेकेला, चमराबरपाली, असौदा, 18 मई को जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत गोपालपुर, अमलडीहा, अमलीपाली, बालपुर, बरहागुड़ा, बोरसी, चंदली, डोमनपुर, हरदी, कलमा, कांशीडीह, मड़वा, मिरौनी, नावापारा म, पलसदा, परसापाली, पेण्डरूवां, सिरौली, 20 मई को जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ओडेकेरा, कुटराबोड़, गाड़ामोर, जमडी, देवरघटा, पिसौद, बरदूली, मुक्ता, हरेठीकला, हरेठीखुर्द, भातमाहूल, रीवाडीह, सेंदरी, हरदीडीह, आमाकोनी, चोरभटठी, जर्वे, बहेराडीह बोईरडीह, परसाडीह, 22 मई को जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत लिमगांव, चरौदा, अण्डी, किरारी, बड़ेमुड़पार, सारसकेला, बोड़ासागर, कुधरी, फगुरम, सपिया कर्रापाली, बोकरेल, झर्रा, भांटा, परसा, चरौदी सेरो, कुलबा, अण्डा, 25 मई को जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत लिमतरा, जेठा, भद्रीपाली, नवापाराकलों, सपनाईपाली, अर्जुनी, केरीबंधा, पोरथा, हरेठी, सिघनसरा, परसदाकला, बोईरडीह, सोंठी, टेमर, परसदाखुर्द, 28 मई को जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत चुरतेला, सुखदा, बांधापाली, बरतुंगा, चुरतेली, देवरघटा, धिंवरा, गोबरा, कांसा, कटौद, कुसमुल, लटियाडीह, कोटमी, निमोही, कबारीपाली, केकराभांठ, सिंधितराई, बाड़ादरहा, टुण्ड्री, 29 मई को जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत मल्दा, अमोदा, करही, किकिरदा, कैथा, गुडरूकला, गुंजियाबोड़, घिवरा, चिस्दा, झरप, डोटमा, डोमाडीह, देवरीमठ, धमनी, नगारीडीह, परसदा, पेंड्री, बरेकेलकला, लालमाटी, हसौद, 1 जून को जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत कलमी, जमगहन, बड़ेपाडरमुड़ा, मुक्ता, मालखरौदा, चारपारा, चिखली, किरकार, सिंघरा, बड़ेसीपत, पिहरीद, अमेराडीह, भठोरा, चांटीपाली, बेल्हाडीह, नवापारा, नगझर, छोटेसीपत, खेमड़ा, बीरभांठा, परसाडीह एवं 3 जून को रगजा, जाजंग, गढगोढी, मरकामगोढी, अमलडीहा, मसनियाकला, ते न्दु टो हा प ते रा पा ली खु र्द, जोंगरा, जुडगा, आ मा पा ली , बैलाचुवा, बोरवा, डो ड की , ना वा पा रा खु र्द , कांदानार में शिविर का आयोजन होगा।

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202604060600093/94/ अ- 6/25-26

ग्राम-अकलतरा प.ह.नं./14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राजमती जैन पति मुलामचंद जैन जाति जैन निवासी ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम-अकलतरा प.ह.नं. 14. स्थित भूमि ख.नं. 1435/24, 1438 क्रमशः रकबा 0.0120, 0.016. हे. भूमि को वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका अपने नाम से नामांतरण हेतु मय दस्तावेज के साथ आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह स्वतः या वैध अभिभाषक से दिनांक 05/05/2026 के 10:30 बजे तक पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अकलतरा**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार प्रकाशन //**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-25

ग्राम मुडपार, प.ह.नं. 09 तहसील-शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

जारी दिनांक...../04/2026

मामला दिनांक........./ / 2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार कश्यप पिता जगन्नाथ जाति कुर्मी निवासी ग्राम मुड़पार तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता जगन्नाथ कश्यप का दिनांक 21/03/2009 को ग्राम मुड़पार में मृत्यु हो गया है। जिसकी पंजीयन आवेदक के द्वारा भूलवंश ग्राम रजिस्ट्रार में नहीं करवा पाया था आवेदक ने अपने पिता जगन्नाथ कश्यप पिता फिरंगी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदक पत्र, शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र मय पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में आप जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो वह स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 8/5/2026 तक दावा-आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा के साथ ईश्तहार जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**शिवरीनारायण**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810



# गवर्नर से सामने आई मनोज की झलक...

**मुंबई।** फिल्म गवर्नर से एक्टर मनोज बाजपेयी की एक इलक सामने आई है। इस फिल्म का पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। इन पोस्टर्स में मनोज बाजपेयी गर्वनर के गंभीर किरदार में नजर आ रहे हैं। उनके कंधों पर देश को एक बड़े आर्थिक संकट से बचाने की जिम्मेदारी भी है। पहले पोस्टर में वो एंबेसडर कार में चिंतित बैठे नजर आ रहे हैं। इस पर लिखा है, 'देश कगार पर था और उसने इस मुसीबत को आते देखा।' दूसरे पोस्टर में मनोज कुछ सोचते हुए नजर आए और इस पर लिखा है, 'देश दिवालिया होने की कगार पर है।

## लाइफ Style

# नीतू

## अच्छी फिल्मों की तलाश में



बिहार की एक सीधी-सादी लड़की से हॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा को अब अच्छी फिल्मों की तलाश है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अच्छी फिल्मों की तलाश में हैं और इसमें समय लगता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'गरम मसाला', 'ट्रैफिक सिग्नल' और 'ओए लकी! लकी ओए!' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की दूसरी चकाचौंध और 'अनावश्यक' बाहरी दिखावे पर। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए उन्होंने साफ किया, मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, आप यह नहीं समझते कि बिहार से आई एक लड़की को, जो बिल्कुल साधारण बैकग्राउंड से आती है, हॉलीवुड तक पहुंचने में कितना समय लगा होगा। अपने सफर के बारे में नीतू चंद्रा ने कहा, आज मैं फिर उसी जगह खड़ी हूं, जहां मैं आप सबसे दोबारा मिल पा रही हूं। मेरे पास 'एयरपोर्ट लुक्स' के लिए समय नहीं है। मेरे पास अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान देने का समय है। मैं सही काम चुनने में अपना समय लगाती हूं, ताकि मैं दर्शकों के लिए हमेशा कुछ सार्थक ला सकूं। एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में और काम के मामले में उनका मकसद हमेशा साफ रहा है। उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी का मकसद, मेरा लक्ष्य, हमेशा अच्छा काम करते रहना और दर्शकों का प्यार पाते रहना रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहैब में भर्ती हुई ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स रिहैब में भर्ती हुई हैं। पुलिस के अनुसार वेंटुरा में ब्रिटनी को तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में रोका गया था। इस ट्रैफिक उल्लंघन के बाद उनकी मानसिक स्थिति और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। यह घटना उस समय हुई है, जब ब्रिटनी अपनी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई गंभीर विवादों और मुश्किलों का सामना कर रही हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं मानसिक तनावों और पारिवारिक उलझनों के कारण उन्होंने पेशेवर मदद लेने और पुनर्वास केंद्र जाने का फैसला किया है।



# टेलर और ट्रैविस जुलाई में करेंगे मैरिज ...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। खबर के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है। फिलहाल तो वेन्यू को गुप्त रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी समारोह न्यूयॉर्क में संपन्न हो सकता है। यह भी माना जा रहा था कि शादी के लिए गायिका ने रोड आइलैंड स्थित आलीशान होटल चुना है। शादी में शामिल होने वाले मेहमानों से पहले ही नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन कराया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि शादी से जुड़ी कोई भी जानकारी बाहर न आ सके।



# हिंदी के लिए साई ने मांगी माफी...

**मुंबई।** साई पल्लवी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ 'एक दिन' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार हैं। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें आमिर खान समेत फिल्म की कास्ट भी मौजूद रही। इस इवेंट में साई पल्लवी भी पहुंचीं, जहां उन्होंने इमोशनल स्पीच दिया। इस दौरान साई ने अपनी कमजोर हिंदी के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी घबराई हुई भी हैं। कार्यक्रम के दौरान जब साई पल्लवी को मंच पर बोलने के लिए बुलाया गया, तो एक्ट्रेस ने हिंदी पर अपनी सीमित पकड़ के लिए माफी मांगी। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आगाह किया कि बोलते समय उनसे ग्रामेटिकल मिस्टेक हो सकती है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साई ने स्वीकार किया कि उन्होंने हिंदी में बोलने की तैयारी नहीं की थी।



# 'इंस्पेक्टर अविनाश-2' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। सीरीज की पहली झलक यानी टीजर रिलीज हो गया है और रणदीप हुड्डा हमेशा की तरह भौकाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। उर्वशी रौतेला उनकी पत्नी बनी हैं। 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन जल्द ही जियोहॉटस्टार पर प्रीमियर होने वाला है। जियो स्टूडियोज, नीरज पाठक और कृष्ण चौधरी का बनाया यह शो 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश के बैकग्राउंड पर आधारित है। यह नया सीजन 'इंस्पेक्टर अविनाश' मिश्रा के जीवन के एक और भी गहरे और नए चैप्टर में उतरता है, एक ऐसा पुलिस अधिकारी, जिसने कभी व्यवस्था को चुनौती दी थी। इस सीरीज में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला भी नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# सौतेले बेटे की जासूसी करने निकली तुलसी

**मुंबई।** चर्चित सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में लोगों की शादियां टूटने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस सीरियल में या तो किसी का तलाक हो रहा होता है, या किसी की दूसरी शादी कराने की कोशिशें चल रही होती हैं। तुलसी और मिहिर का तलाक हो ही चुका है। अब परिवार के सदस्य दोनों की दोबारा शादी की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बीच एक और आदर्श जोड़ी के रिश्ते में दूरियां आ गई हैं। तुलसी और मिहिर के बाद विरानी परिवार में करण और नंदिनी को आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। मगर, लगता है कि करण भी अपने पिता के नक्शे-कदम पर चल पड़ा है। मिहिर का शादी से बाहर अफेयर रहा है। अब फिलहाल इस सीरियल में दिखाई जा रही कहानी के हिसाब से करण भी अपनी पत्नी नंदिनी को धोखा दे रहा है। पिछले एपिसोड में देखा गया कि नंदिनी ने करण को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। उसने घरवालों को यह बात बताई तो किसी ने नहीं माना। बाद में तुलसी ने खुद पता लगाने का फैसला लिया, वह करण के फ्लैट पर पहुंची तो करण ने यहां भी चालाकी से सच छिपा लिया।



# हैदराबादी लहजा सीखने के लिए कर रहीं घंटों प्रैक्टिस



**चेन्नई।** दिनों नई वेब सीरीज 'गली' में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है। अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, 'मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है।' हंसिका ने कहा, मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढ़ने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला।' हंसिका ने कहा, यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी।

# मेहरीन ने हिमाचल प्रदेश में रचाई शादी



**मुंबई।** अभिनेत्री महरीन पीरजादा अब शादीशुदा हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अर्श औलख के साथ शादी की की तस्वीरें शेयर करते हुए खुशखबरी सुनाई है। महरीन ने हिमाचल प्रदेश के चैल के खूबसूरत पहाड़ों के बीच आयोजित अपनी शादी समारोह की कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, '26.04.26 अनंत, लाल दिल और बुरी नजर वाले इमोजी।' महरीन और अर्श दोनों ने बेबी पिंक रंग की पारंपरिक ड्रेस पहनी हुई थी। उनकी शादी की तस्वीरें यहां देखें। मेहरीन द्वारा अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट करने के कुछ ही समय बाद, फिल्म जगत के सदस्यों सहित कई नेटिज़न्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी शुभकामनाएं दीं। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने लिखा, 'मुबारक।' अभिनेत्री हंसिका ने लिखा, 'बधाई हो।' वहीं, काम के मोर्चे पर, मेहरीन तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म कृष्णा गादी वीरा प्रेमा गाधा (2016) से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और तब से कई अन्य फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# मनोज संग स्क्रीन शेयर करते आएंगी नजर



अभिनेत्री अदा शर्मा आने वाली फिल्म 'गवर्नर' में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम को लेकर खुश हैं। वे इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ काम करके बहुत खुश हैं। इसके साथ ही, अभिनेत्री ने मनोज बाजपेयी की खूब प्रशंसा की।

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी के साथ पहली बार काम करने के बारे में अदा शर्मा ने कहा, वह (बाजपेयी) इस फिल्म का चेहरा हैं। वह 'गवर्नर' में गवर्नर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में अदा शर्मा ने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करके बहुत खुश हूं। हमारे डायरेक्टर चिन्मय मंडलेकर बहुत अच्छे हैं, जो खुद भी एक शानदार एक्टर हैं। मेरे किरदार में भी एक अच्छा सरप्राइज है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। चिन्मय मंडलेकर की ओर से निर्देशित इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है। विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के प्रोड्यूसर हैं और को-प्रोड्यूसर आसीन ए. शाह हैं। इसकी कहानी सुवेंदु भट्टाचार्य, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने लिखी है। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## स्पोर्ट्स से लेकर हॉरर और एनिमेटिड कॉमेडी का लगेगा तड़का

# मजेदार होगा वीक एंड, ओटीटी पर स्ट्रीम होगी धमाकेदार सीरीज

*मुंबई। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' की चमक कम नहीं हो रही है। 'भूत बंगला', 'माइकल' और 'गिन्नी वेड्स सनी 2' जैसी फिल्में भी लगी हुई हैं। इसके अलावा आगामी 1 मई को जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' भी दस्तक देगी। मगर, इसके बीच ओटीटी पर इस वीक कई रोचक फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं।*

**ग्लोरी :** अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को इस वीक देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी, जो बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

**स्वैप्ड :** यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



**'राकासा':** अगर आपको हॉरर फिल्में पसंद हैं तो यह फिल्म आपके लिए है। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म 'राकासा' 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह ओटीटी पर आ रही है। 'राकासा' 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

**माय डियरेस्ट सेनोरीटा :** यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकेंगे। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। इसे 01 मई को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**बैचमेट्स :** यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल से जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

**द हाउस ऑफ द स्पिरिट्स :** यह एक हॉरर ड्रामा सीरीज है। यह सीरीज परिवार की कहानी है, जिसे हिंसक सामाजिक उथल-पुथल के बीच गुप्त प्रेम, क्रांति और परिवार के तानाशाह मुखिया तथा उसकी पोती के बीच की पीढ़ियों पुरानी कलह का सामना करना पड़ता है। यह सीरीज 29 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने लोगों को नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने किया प्रेरित



**चांपा।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम की 133वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में काले हिरण के सफल संरक्षण का विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके काले हिरण अब बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के आसपास खुले मैदानों में फिर से दौड़ते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की एक सुखद और प्रेरक कहानी बताया तथा छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के प्रयासों की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि हर नागरिक का छोटा-सा प्रयास देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने देशवासियों को विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, भारत के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए युवाओं से रिसर्च और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जनभागीदारी, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत बताया। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में मन की बात के प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद सिकंदर खान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, महामंत्री रामवल्लभ सोनी, उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष संतोष जब्बल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आई.टी.आई. सक्ती में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कल

**सक्ती।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा सक्ती जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार 30 अप्रैल को आई.टी.आई. सक्ती परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में निजी क्षेत्र के दो प्रतिष्ठित नियोजक वेदांता स्किल स्कूल बालको (कोरबा) तथा स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल चांपा भाग लेंगे। रोजगार मेले के अंतर्गत वेदांता स्किल स्कूल द्वारा फिटर, इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, वेल्डर, मोबाइल रिपेयरिंग टेक्निशियन एवं सिलाई मशीन ऑपरेटर के प्रत्येक 30-30 पदों पर भर्ती की जाएगी।

साफ-सफाई के अभाव में बढ़ी परेशानी, खुजली जैसी बीमारियों की शिकायतें शुरू

# नालियां जाम होने से तालाब तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी, गंदे पानी में नहाने मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के टेल एरिया में स्थित आदर्श ग्राम गोधना इन दिनों गंभीर जल समस्या से जूझ रहा है। नहर से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होने के बावजूद गांव की बस्तियों में बनी नालियां कूड़े-करकट और गंदगी से पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। इसके चलते नहर का पानी निस्तारी के लिए बनाए गए तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के लोगों ने बताया कि नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। नहर का साफ पानी तालाब में नहीं पहुंचने से तालाब में जमा गंदा और दूषित पानी ही लोगों के उपयोग में आ रहा है। मजबूरी में ग्रामीण इसी गंदे पानी से नहाने और अन्य दैनिक कार्य करने को विवश हैं।



साफ-सफाई के अभाव में जाम नाली।

इस समस्या का असर अब ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। गांव में खुजली और त्वचा संबंधी अन्य बीमारियों की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है। नालियों की साफ-सफाई के लिए न तो कोई ठोस कदम उठाया गया है और न ही नियमित व्यवस्था बनाई गई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि नालियों की समय पर साफ-सफाई कराई जाए, तो नहर का पानी आसानी से तालाब तक पहुंच सकता है। इससे न केवल गांव में स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि जल संकट से भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नालियों की सफाई कराई जाए और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि गांव में स्वच्छता और जल व्यवस्था बहाल हो सके।



## किरारी में 33 से अधिक घरों में गायत्री महायज्ञ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

गायत्री परिवार के द्वारा ग्राम देव किरारी ग्राम में 33 से अधिक घरों में एक कुंडी गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार के जिला संयोजक महेश्वर कश्यप की अगुवाई में किया गया।

भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत ग्राम किरारी के अनेक श्रद्धालु परिजनों के घरों में एक साथ एक समय में यज्ञ सम्पन्न कराया गया । जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हुआ ।इस कार्यक्रम से जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का अर्थ है हर घर में गायत्री यज्ञ। इस अभियान के तहत देशभर में लाखों घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ कराए जाते हैं। उद्देश्य है घर-घर में यज्ञीय संस्कृति, वातावरण शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना। यज्ञ संपन्न कराने में धनंजय श्रीवास, जोधराम साहू, जयप्रकाश साहू, कविता कश्यप ,महेश्वर कश्यप, हरिशंकर वर्मा, के बी साहू, राम जी कौशिक, अमित राठौर ,जीतराम साहू ,जे सी साहू, विजय वैदेही वैष्णव, दीपक साहू, कामिनी राठौर, धनसाय यादव, श्याम शंकर, मनोज ,रामलाल साहू, राम प्रसाद साहू श्रीमती पूर्णिमा कश्यप, विनोद कुमार साहू, गैस राम वर्मा, राजेश्वर कश्यप, त्रियुगी पटेल, सुशील कश्यप, श्रीमती गीता देवी साहू के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## मलेरिया की रोकथाम, लक्षण एवं उपचार संबंधी दी गई जानकारी

**सक्ती।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के समस्त विकासखंडों में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मलेरिया से बचाव, समय पर जांच एवं समुचित उपचार के प्रति जागरूक करना रहा।

स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि मलेरिया एक जानलेवा, किन्तु पूर्णतः रोके जाने योग्य एवं उपचार योग्य बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। इस वर्ष की थीम "ड्रिवन टू ऐंड मलेरियाः नाव वी कैन, नाव वी मस्ट" के अनुरूप लोगों को मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। आयोजित संगोष्ठियों में मलेरिया की रोकथाम, लक्षण, जांच एवं उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर बुखार सर्वे किया गया। संदिग्ध मरीजों की त्वरित जांच (आरडीटी व स्लाइड) की गई तथा पॉजिटिव पाए गए मरीजों का शीघ्र एवं पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं एवं स्टाफ।

इसके साथ ही जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने एवं मच्छरों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। जल जमाव को समाप्त कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए विशेष अभियान भी चलाया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने आमजन से अपील की कि वे मलेरिया से बचाव के प्रति सजग रहें, प्रत्येक बुखार की जांच अवश्य कराएं तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने मच्छरदानी के नियमित उपयोग पर विशेष जोर देते हुए इसे मलेरिया से बचाव का प्रभावी उपाय बताया। "शून्य मलेरिया स्वस्थ भारत, स्वस्थ सक्ती" के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

### शाकंभरी महोत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**जांजगीर-चांपा।** भैसो मूलमुला महासभा के लीलाग़र परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आरसमेटा (चूआ डाबरि) में गुरुवार 30 अप्रैल को मरार पटेल समाज द्वारा सामाजिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शाकंभरी महोत्सव एवं युवा-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न होगा। साथ ही नवनिर्मित मरार पटेल सामुदायिक भवन का लोकार्पण होगा। शाकंभरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं मरार पटेल समाज के प्रदेश प्रवक्ता रामकुमार पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रुप से अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेष राज हरबंश, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, प्रेमलाल पटेल कटघोरा, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषकर पटेल एवं समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल उपस्थित रहेंगे।




